देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

# JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

Volume –2022/rpba/51 E-Newsletter, Issued in Public Interest सोमवार, 4 जुलाई 2022


# राजापार्क के बिल्डरों और भूकारोबारियों पर अंडरवर्ल्ड की काली छाया बरकरार!!!

## लॉरेंस गैंग के बाद अब छूटभइये गुंडो की नजर!!!



भाग-1

## राजापार्क के बड़े भू-कारोबारी पर फायरिंग की फिराक मे घूम रहे हिस्ट्रीशीटर और उसके दो सहयोगियो को मोती डूंगरी पुलिस ने दबोचा!!!



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## ऑपरेशन आग के तहत मोती डूंगरी थाने की बड़ी कार्यवाही|

बीते सप्ताह पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच (सीएसटी)ने तीन बदमाशो को गिरफ्तार कर रिवाल्वर,देसी कट्टा और 5 कारतूस बरामद किए|मोती डूंगरी थाने मे गिरफ्तार आरोपियों मे भौमिया जी की छतरी,मोती डूंगरी निवासी मुस्तक़ीम उर्फ सिराजुद्दीन,भोजपुर कच्ची बस्ती,सोडाला निवासी अब्दुल फरीद और रशीद विहार कॉलोनी मानपुर सड़वा निवासी हारून शाह शामिल है|

## भू-कारोबारियों के आपसी हिसाब किताब को निपटाने के लिए राजापार्क के बड़े भू-कारोबारी बबला सरदार पर फायरिंग कर, दहशत कायम करने की फिराक मे, अवैध हथियारो के साथ, घूम रहे थे तीनों आरोपी|

पूछताछ मे सामने आया कि मालवीय नगर के जसविंदर सरदार राजापार्क के गोल्डी सरदार से 4 करोड़ मांगता है|जसविंदर सरदार ने मुस्तक़ीम को दो करोड़ रुपए का हिस्सा देने की कहकर रिकवरी का जिम्मा सौंपा|गोल्डी का पक्ष ले रहे बबला सरदार ने हिसाब नहीं होने दिया|इस कारण से वह बबला सरदार पर फायरिंग कराना चाहता था|आरोपी ने उक्त अवैध हथियार फरीद और हारून के जरिये मथुरा से मँगवाए थे|


देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...
JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
जवाब दो!!! सरकार
E-Newsletter, Issued in Public Interest
भाग-1
राजापार्क बचाओ अभियान
राजापार्क में अवैध निर्माणों के कारण आपसी झगड़ों की शुरुआत!
स्थिति विस्फोटक!!!लेकिन निगम प्रशासन गहरी नींद में!!
IFB POINT


देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...
JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
(A Digital Media Initiative to promote Accountability)
जवाब दो!!! सरकार
Volume -2021/rpba/118
E-Newsletter, Issued in Public Interest
सोमवार, 27 सितम्बर 2021
राजापार्क पर अंडरवर्ल्ड की छाया!!!
राजापार्क के नामी बिल्डर से 1 करोड़ रुपए की फिरोती मांगने वाले मामले का पुलिस ने किया पटाक्षेप!!!
भाग-1
कौन है यह आनंद शांडिल्य?
क्या है इसका अंडरवर्ल्ड कनैक्शन?
कौन है इसके राजनैतिक आका?
पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151 पेज 1

सीएसटी की कार्रवाई

# फायरिंग के पहले अवैध हथियार सहित दबोचे हिस्ट्रीशीटर व उसके दो साथी

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच (सीएसटी) ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर रिवाल्वर, देसी कट्टा और 5 कारतूस बरामद किए हैं। मोती डूंगरी थाने में गिरफ्तार आरोपियों में भौमिया जी की छतरी मोती डूंगरी निवासी मुस्तकीम उर्फ सिराजुद्दीन (38), भोजपुर कच्ची बस्ती सोडाला निवासी अब्दुल फरीद (27) और रसीद विहार कॉलोनी मानपुर सड़वा निवासी हारून शाह (46) शामिल हैं। एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि मुस्तकीम मोती डूंगरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। अब्दुल फरीद शास्त्री नगर व मानसरोवर थाने का स्टैंडिंग वारंटी है। सीएसटी के



एएसआइ द्वारका प्रसाद और हेड कांस्टेबल महिपाल को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना हाथ लगी और वारदात से पहले ही दबोचे गए।

**बिचौलिया बन करवा रहा था हिसाब :** पुछताछ मे यह भी सामने आया है कि मालवीय नगर के जसविंदर सरदार राजापार्क के गोल्डी सरदार से 4 करोड़ रुपए मांगता है। जसविंदर ने मुस्तकीम को दो करोड़ रुपए का हिस्सा देने की कहकर रिकवरी का जिम्मा सौंपा। गोल्डी का पक्ष ले रहे बबला

**फैलाता दहशत**

मुस्तकीम ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि खो नागोरियान के वकील हाजी जोकि कयूम के साथ मिलकर दो बीघा जमीन पर कॉलोनी विकसित कर रहे हैं। जिसमें पहले कयूम के साथ मुस्तकीम की पार्टनरशिप थी। हाजी के मिलाने के बाद कयूम उसका हिसाब नहीं कर रहा था। इसके चलते वह हाजी पर फायरिंग कर दहशत फैलाना चाहता था।

सरदार ने हिसाब नहीं होने दिया। इस कारण वह बबला पर भी फायरिंग कराना चाहता था। आरोपी ने उक्त अवैध हथियार फरीद व हारून के जरिए मथुरा से मंगवाए थे।

# ऑपरेशन आग : अवैध हथियारों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी शहर में फायरिंग कर दहशत फैलाने की तैयारी कर रहे थे

**क्राइम रिपोर्टर** | जयपुर

कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आग के तहत सीएसटी टीम ने मोतीडूंगरी पुलिस के सहयोग से दबिश देकर अवैध हथियारों के साथ तीन बदमाशों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी मुस्तकीम उर्फ सिराजुद्दीन भौमिया जी छतरी मोती डूंगरी, अब्दुल फरीद खजानों वालो का रास्ता कोतवाली व हारून शाह रसीद विहार कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 रिवॉल्वर, 1 देशी कट्टा व 5 कारतूस बरामद कर लिए। तीनों आरोपी शहर में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले थे। एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार की टीम के सदस्य द्वारका प्रसाद व महिपाल को सूचना मिली कि मोती डूंगरी इलाके में एक गैंग सक्रिय हो रही है, जिसके पास अवैध हथियार भी है, उक्त सूचना के बाद के बाद रैकी करके बदमाशों की पहचान की और दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया। आरोपी मुस्तकीम साथी क्यूम के साथ मिलकर एक कॉलोनी विकसित कर रहा था। जिसमें वकील हाजी नाम एक पार्टनर है। वकील हाजी पर फायरिंग करने के उद्देश्य से हथियार मंगवाए थे।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मालवीय नगर निवासी बिल्डर जसविन्दर सरदार का गोल्डी सरदार राजापार्क से 4 करोड़ का हिसाब बकाया चल रहा है। जिसकी रिकवरी का जिम्मा आरोपी ने 50 प्रतिशत में ले रखा है। लेकिन गोल्डी के पक्ष में बबला सरदार आ गया और हिसाब के लिए मना कर दिया। इसलिए आरोपी बबला पर भी फायरिंग करने वाला था। सरगना मुस्तकीम के खिलाफ कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों में 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

**विभिन्न समाचार पत्रों मे प्रकाशित इस मामले से जुड़ी खबरे!**

## एक और भू-कारोबारी वकील हाजी पर फायरिंग का था प्लान

मुस्तक़ीम ने पुलिस की पूछताछ मे यह भी बताया कि खो-नागोरियान के वकील हाजी जो कि कय्युम के साथ मिल कर दो बीघा जमीन पर कॉलोनी विकसित कर रहे थे|इस प्रोजेक्ट मे पहले कय्युम के साथ मुस्तक़ीम की पार्टनरशिप थी|हाजी से मिलाने के बाद कय्युम उसका हिसाब नहीं कर रहा था|इसके चलते वह हाजी पर भी फायरिंग कर दहशत फैलाना चाहता था|आपको बता दें कि आरोपी मुस्तक़ीम के विरुद्ध कमिश्नरेट के अलग अलग थानो मे 16 अलग अलग मामले दर्ज है|

1. मुस्तकीम उर्फ सिराजुद्दीन पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार

| क्र.सं. | थाना | मुकदमा नम्बर | धारा |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्योतिनगर | 161/02 | 19/54 ex act |
| 2 | ज्योतिनगर | 162/02 | 4/25 arms act |
| 3 | ज्योतिनगर | 221/02 | 341,323,427,504 ipc |
| 4 | ज्योतिनगर | 86/03 | 341,323 ipc |
| 5 | ज्योतिनगर | 95/03 | 19/54 ex act |
| 6 | ज्योतिनगर | 135/03 | 302,120b ipc |
| 7 | ज्योतिनगर | 163/03 | 19/54 ex act |
| 8 | ज्योतिनगर | 164/03 | 4/25 arma act |
| 9 | | 002/2004 | 302,34 ipc |
| 10 | ज्योतिनगर | 124/04 | 342,323 ipc |
| 11 | रामगंज | 300/10 | 3/25 ARMS ACT |
| 12 | सोडाला | 95/13 | 3/25 arm act |
| 13 | श्याम नगर | 377/14 | 420,406,120B ipc |
| 14 | श्याम नगर | 219/15 | 420,467,468,471 ipc |
| 15 | श्यामनगर | 445/16 | 420,406,467,468,471,120 B IPC |
| 16 | मोती डूंगरी | 287/18 | 3/25 ARMS ACT |

## जवाब मांगते सवाल?

1. कौन है यह मुस्तक़ीम?जो हिस्ट्रीशीटर होने के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है?
2. मुस्तक़ीम के विरुद्ध दर्ज पिछले 16 मामलो मे क्या हुआ?
3. मुस्तक़ीम के विरुद्ध अधिकतर मामले आर्म्स एक्ट मे है,कानून की कमियों का लाभ उठा कर,यह जेल से छूटते ही पुनः अवैध हथियार ले आता है|इतना होने के बावजूद पुलिस इसके विरुद्ध गुंडा एक्ट मे कार्यवाही क्यूँ नहीं कर रही?
4. यदि मुस्तक़ीम बबला सरदार और वकील हाजी पर फायरिंग कर देता और कोई अनहोनी हो जाती तो उसका जिम्मेदार कौन होता?
5. कौन है यह जसविंदर सरदार?राजापार्क मे कहाँ पर बन रही थी इसकी बिल्डिंग?यह बिल्डिंग वैध थी या अवैध?
6. इस मामले मे अब तक जसविंदर सरदार की गिरफ्तारी क्यूँ नहीं की गयी?

